एक नजर में

हिंदी पखवाड़ा कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

सीहोर. हिंदी पखवाड़ा अंतर्गत महोड़िया विद्यालय में हिंदी भाषा संवर्धन एवं विद्यार्थी संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया. जिला युवा अधिकारी प्रशंका जैन ने विद्यार्थियों को राजभाषा हिंदी के महत्व के बारे में जानकारी देते हुए शिक्षा, बौद्धिक विकास एवं व्यावसायिक जीवन में हिंदी की उपयोगिता बताई. उन्होंने विद्यार्थियों को हिंदी भाषा के अधिकाधिक प्रयोग तथा अपनी अभिव्यक्ति क्षमता को विकसित करने के लिए प्रेरित किया. इस दौरान मुहावरा अभिनय, विकसित भारत विषय पर हिंदी भाषण एवं निबंध लेखन जैसी गतिविधियां आयोजित की गई. अंत में छात्रों को प्रोत्साहित किया गया.

बिजौरी में स्वयंसेवकों ने चलाया नशामुक्ति अभियान

सीहोर. सेवा संकल्प अभियान के तहत ग्राम बिजौरी में एनएसएस का ग्रामीण सेवा शिविर आयोजित किया गया. पीएमश्री महाविद्यालय की बालक-बालिकाओं एवं शासकीय विधि महाविद्यालय के तत्वावधान में विद्यार्थियों ने ग्रामीणों को स्वच्छता, नशामुक्ति और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया. शिविर के दौरान स्वयंसेवकों ने पौधरोपण, स्वच्छता सर्वेक्षण, नशामुक्ति जागरूकता रैली, नुक्कड़ नाटक और ग्राम भ्रमण जैसी गतिविधियों में भाग लिया. शिविर में प्राचार्य डॉ. नितिन बातव, डॉ. श्याम कुमार, सुप्रिया गुप्ता, पूर्णिमा सिंह परिहार, डॉ. जितेन्द्र आर्य, डॉ. दुष्यंत कौल, प्रतीक गुप्ता एवं डॉ. दिव्या शर्मा, सरपंच कविता वर्मा ने मौजूद थे.

दीपावली से पहले पटाखा दुकानों और गोदामों का निरीक्षण

आष्टा. दशहरा और दीपावली पर्व को देखते हुए प्रशासन एवं पुलिस ने पटाखा दुकानों और आतिशबाजी गोदामों की सुरक्षा व्यवस्था की जांच शुरू कर दी है. गुरुवार को क्षेत्र में एसडीएम महेंद्र सिंह किरार और एसडीओपी दामोदर गुप्ता ने लाइसेंसधारी पटाखा दुकानों एवं गोदामों का निरीक्षण किया. उन्होंने खत्री फायर वर्क्स, एकता फायर वर्क्स और सना पटाखा सेंटर के गोदामों का जायजा लिया. अधिकारियों ने अग्निशमन यंत्र, रेत और पानी सहित आग से बचाव के लिए उपलब्ध आवश्यक सुरक्षा संसाधनों की जांच की. साथ ही गोदाम संचालकों को सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त रखने और सभी वैधानिक प्रावधानों का अनिवार्य रूप से पालन करने के निर्देश दिए. निरीक्षण के दौरान संबंधित पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित थे.

नृसिंह मंदिर में रामलीला का शुभारंभ

सीहोर. कालीपुरा स्थित प्राचीन सिद्धपीठ श्री नृसिंह लक्ष्मी मंदिर परिसर में नवरात्रि के पावन अवसर पर रामलीला का शुभारंभ हुआ. पहले दिन प्रयागराज से आए कलाकारों ने धार्मिक प्रसंगों पर आधारित विभिन्न लीलाओं का भावपूर्ण मंचन कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया. देर रात तक चले कार्यक्रम में शिव विवाह, गणेश वंदना, नारद मोह भंग, मनु-शतरूपा, सीता भूमि प्रवेश, रावण-वेदवती संवाद और रावण जन्म जैसे प्रसंगों की प्रस्तुतियां दी गई. कलाकारों ने अपने अभिनय और संवादों के माध्यम से रामायण से जुड़े प्रसंगों को जीवंत किया. रामलीला का शुभारंभ संत माधव दास, संस्कार मंच के प्रभारी मनोज दीक्षित मामा एवं महंत बृजेश शर्मा ने किया.

रातभर बिजली कटौती से परेशान ग्रामीणों ने किया चक्काजाम

बिलकीसगंज. रात्रि में लगातार अघोषित बिजली कटौती से परेशान ग्रामीणों और किसानों का आक्रोश सडक़ पर फूट पड़ा. सरपंच प्रतिनिधि राजेश जांगड़े के नेतृत्व में ग्रामीणों ने बिलकिसगंज चौराहे पर चक्काजाम कर विद्युत विभाग के अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी की. प्रदर्शनकारियों ने बिजली कटौती तत्काल बंद करने और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई करने की मांग की. विद्युत विभाग के सहायक यंत्री शिवराम मौके पर पहुंचे और रात में बिजली कटौती नहीं होने का आश्वासन दिया, जिसके बाद चक्काजाम समाप्त किया गया. इस दौरान पुलिस प्रशासन भी मौके पर मौजूद रहा. ग्रामीणों का आरोप है कि क्षेत्र में रात के समय दो से तीन बार बिजली काटी जा रही है. इससे करीब पांच से छह घंटे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहती है. लगातार कटौती के कारण ग्रामीणों की नींद प्रभावित हो रही है. वहीं, मच्छरों का प्रकोप बढ़ने से बीमारियों का खतरा बना हुआ है.

चुनरी थामे भक्तों पर आसमान से पुष्पवर्षा

विभिन्न प्रांतों से आए कलाकारों की मंडली ने चुनरी यात्रा की बढ़ाई भव्यता, जगह- जगह किया स्वागत

- शहर में निकली चुनरी यात्रा में हजारों श्रद्धालु हुए शामिल
- गरबा टीमों की प्रस्तुतियों ने बढ़ाई चुनरी यात्रा की रौनक

नवभारत न्यूज

सीहोर 15 अक्टूबर. कहीं हाथों में मां की चुनरी, कहीं लहराते ध्वज तो कहीं भक्ति में झूमते श्रद्धालु. ऊपर से हेलीकॉप्टर के जरिए बरसते फूल और सड़क के दोनों ओर स्वागत को उमड़े लोग. गुरुवार को निकली चुनरी यात्रा ने शहर को भक्ति और उत्सव के रंग में रंग दिया. करौली वाली माता मंदिर से शुरू हुई यात्रा में 10 हजार से अधिक श्रद्धालु शामिल हुए. मां जगदंबा को 151 मीटर लंबी चुनरी अर्पित करने निकले भक्तों का 50 से अधिक स्थानों पर स्वागत हुआ. कलशधारी बालिकाओं, देवी स्वरूपों की झांकियों और गरबा प्रस्तुतियों ने आयोजन को खास बना दिया.

सीहोर. गुरुवार को निकाली गई भव्य चुनरी यात्रा में शामिल हजारों महिलाएं 151 मीटर लंबी चुनरी थामे चल रही थीं.

गुरुवार को शहर में निकली चुनरी यात्रा में भक्ति, उत्साह और लोक संस्कृति का अनूठा संगम देखने को मिला. प्रसिद्ध करौली वाली माता मंदिर से शुरू हुई यात्रा में 10 हजार से अधिक श्रद्धालु शामिल हुए. पांच किलोमीटर की यात्रा में 151 मीटर लंबी चुनरी थामे महिलाएं चल रही थीं. इस दौरान चुनरी यात्रा पर हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा की गई, वहीं मार्ग में 50 से अधिक स्थानों पर स्वागत मंच बनाकर श्रद्धालुओं का अभिनंदन किया गया. सुबह से ही करौली वाली माता मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटने लगी थी. विधि विधान से पूजा-अर्चना और आरती के बाद यात्रा रवाना हुई. महिलाओं ने 151 मीटर लंबी चुनरी को हाथों में थामकर आगे बढ़ना शुरू किया. चुनरी की लंबाई के कारण श्रद्धालुओं की लंबी कतार बन गई. महिलाएं, युवा और अन्य भक्त माता रानी के जयकारे लगाते हुए चुनरी यात्रा में शामिल हुए.

यात्रा में सबसे आगे सिर पर कलश धारण किए बालिकाएं चल रही थीं. उनके पीछे गाजे-बाजे के साथ भजन गाते श्रद्धालु और हाथों में ध्वज लिए युवाओं की टोलियां थीं. सुसज्जित रथ पर मां लक्ष्मी, मां दुर्गा और मां कालिका के स्वरूप में सजी कन्याओं ने लोगों का ध्यान खींचा. भक्ति गीतों पर डांडिया करते श्रद्धालुओं ने माहौल को उत्सवमय बना दिया.

यात्रा में 300 से अधिक दुर्गावाहिनी की बालिकाओं ने भाग लिया. उनके साथ सात से अधिक गरबा टीमों ने पारंपरिक नृत्य प्रस्तुत किए. राजस्थान, गुजरात और महाराष्ट्र सहित विभिन्न प्रदेशों की वेशभूषा में सजी युवतियों की प्रस्तुतियों ने आयोजन में सांस्कृतिक रंग भर दिए. झांकियों, अखाड़ों और कलाकारों की प्रस्तुतियों ने भी दर्शकों को आकर्षित किया.

यात्रा मार्ग पर विभिन्न सामाजिक, धार्मिक व राजनीतिक संगठनों, जनप्रतिनिधियों और श्रद्धालुओं ने 50 से अधिक स्थानों पर स्वागत मंच बनाए थे. यहां पुष्पवर्षा कर भक्तों का स्वागत किया गया. हेलीकॉप्टर से बरसते फूलों और 151 मीटर लंबी चुनरी थामे आगे बढ़ते श्रद्धालुओं का दृश्य आयोजन का प्रमुख आकर्षण रहा. विभिन्न स्थानों पर आयोजन समिति का सम्मान भी किया गया. गौरतलब है कि गंज स्थित करौली वाली माता मंदिर से निकलने वाली चुनरी यात्रा पिछले 14 वर्षों से लगातार आयोजित की जा रही है. इस वर्ष भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भागीदारी ने आयोजन को व्यापक स्वरूप दिया. नगर पालिका अध्यक्ष एवं हिंद रक्षक युवा समिति के संरक्षक प्रिंस राठौर ने कहा कि यात्रा का उद्देश्य मां जगदंबा के प्रति आस्था प्रकट करने के साथ युवा पीढ़ी को संस्कृति और संस्कारों से जोड़ना है. उन्होंने 151 मीटर लंबी चुनरी को मां के प्रति भक्तों की श्रद्धा और समर्पण का प्रतीक बताया.

स्टॉप डेम में डूबे युवक का नहीं लगा सुराग



श्यामपुर. तहसील के ग्राम पढ़ियाला में स्टॉप डेम के पानी में डूबे युवक का दूसरे दिन भी पता नहीं चल सका. बुधवार को हुए हादसे के बाद से युवक की तलाश के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जा रहा है. जिला मुख्यालय से पहुंची एनडीआरएफ की टीम गोताखोरों की मदद से पानी में युवक की तलाश कर रही है. लगातार दूसरे दिन भी अभियान जारी रहने के बावजूद युवक के संबंध में कोई जानकारी नहीं मिल सकी. अंधेरा घिरने के कारण रेस्क्यू रोकना पड़ा. अब शुक्रवार को फिर से सर्चिंग की जाएगी. गोरतलब है कि ग्राम पढ़ियाला में स्टॉप डेम के पानी में युवक के डूबने की घटना बुधवार को सामने आई थी। हादसे की सूचना मिलने के बाद स्थानीय स्तर पर उसकी तलाश के प्रयास किए गए। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला मुख्यालय से एनडीआरएफ की टीम को मौके पर भेजा गया. टीम ने पहुंचकर रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया और पानी में युवक की खोजबीन की. गुरुवार को भी एनडीआरएफ की टीम ने तलाश अभियान जारी रखा. गोताखोर स्टॉप डेम में युवक की तलाश में जुटे रहे. हालांकि लगातार प्रयासों के बावजूद उसका पता नहीं चल सका. हादसे के बाद से परिजन और ग्रामीण भी युवक के मिलने की उम्मीद लगाए हुए हैं.

श्री राम ने तोड़ा धनुष, कुपित हुए परशुराम

नवभारत न्यूज

शाहगंज 15 अक्टूबर. रामलीला मंडल द्वारा आयोजित रामलीला के अंतर्गत नगर के दशहरा मंच से लक्ष्मण-परशुराम संवाद एवं राम विवाह की लीला का मंचन किया गया.

मंचन के दौरान बताया कि जब भगवान श्री राम ने धनुष भंजन किया तो परशुराम जी की तपस्या भंग हो गई.तब वह क्रोध से आग बबूला होकर मिथला आ धमकते हैं. सभी राजा परशुराम को प्रणाम कर वापस अपने-अपने देश लौट जाते हैं. राजा जनक अपनी पुत्री सीता का भी परिचय कराते हैं और परशुराम जी उन्हें अखंड सौभाग्यवती होने का आशीर्वाद देते हैं. रामलीला में भगवान श्रीराम का अभिनय आशु भर्गव, लक्ष्मण जतिन सैनी, सीता लक्ष्य भार्गव, दशरथ रामभरोस

भार्गव, जनक रामगोपाल सैनी, सुनैना विष्णु गौर, परशुराम सचिन भार्गव, शतानंद गोविंद दास बैरागी, वशिष्ठ छन्नूलाल गौर, विश्वामित्र संतोष साहू द्वारा किया गया. सचिन भार्गव द्वारा परशुराम का अभिनय किया गया. राम विवाह के अवसर पर संकट मोचन हनुमान मंदिर से भव्य राम बारात बैंड बाजे के साथ धूम धाम से निकाली गयी राम बारात में बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी श्रद्धालु एवं युवा शामिल हुए.

बाघ-तेंदुए की दहशत के बीच बिजली के तार चोरी

- नपा परिषद की बैठक में लिए अनेक मुद्दों पर निर्णय
- बारिश में शहर के कई हिस्सों में बनते हैं जलभराव के हालात

नवभारत न्यूज

सीहोर 15 अक्टूबर. समीप के ग्राम धबोटी, जहांगीरपुरा और नयापुरा सहित आधा दर्जन गांवों में ग्रामीण पहले ही बाघ और तेंदुए की मौजूदगी से दहशत में हैं. रात होते ही घरों में दुबकने को मजबूर ग्रामीणों की परेशानी अब बिजली गुल होने से और बढ़ गई है. बीती रात लोड शेडिंग के दौरान बिजली बंद रहने का फायदा उठाकर अज्ञात चोर विद्युत खंभों से लाखों रुपये के तार काटकर ले गए. इस वारदात के कारण आधा दर्जन गांवों की बिजली आपूर्ति ठप हो

गई है. विद्युत व्यवस्था बहाल होने में तीन दिन लगने की संभावना है. ऐसे में ग्रामीणों को रातें अंधेरे में गुजारनी पड़ सकती हैं.

जानकारी के अनुसार बीती रात नापलाखेड़ी डीसी क्षेत्र में लोड शेडिंग के चलते बिजली आपूर्ति बंद थी. इसी दौरान चोरों ने मौके का फायदा उठाया और खंभों पर लगे तार काटकर चोरी कर लिए. तारों की कीमत तीन लाख रुपये बताई जा रही है. एक ओर ग्रामीण इलाकों में बाघ और तेंदुए की गतिविधियों को लेकर वन विभाग सतर्कता बरतने की अपील कर रहा है, वहीं दूसरी ओर बिजली आपूर्ति ठप होने से ग्रामीणों की मुश्किलें बढ़ गई हैं.

> **तीन से चार दिन में शुरू होगी बिजली**
>
> नापलाखेड़ी डीसी से जुड़े ग्राम धबोटी, नयापुरा, जहांगीरपुरा, काला पहाड़, उजरखेड़ा व अल्हादाखेड़ी के विद्युत तार चोरी हो जाने के कारण विद्युत प्रदाय ठप हो गया है. तार चोरों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कराया गया है. नए तार बांधने और बिजली शुरू करने में तीन से चार दिन लग सकते हैं.
>
> **एएल अहिरवार**
> कनिष्ठ यंत्री,

आईईएस ने नवीन विद्या भारती को हराया

सीहोर. आवासीय खेलकूद मैदान पर जारी आरएसआई कप इंटर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता में गुरुवार को पहला मैच आईईएस रेड और नवीन विद्या भारती स्कूल के मध्य खेला गया.आईईएस रेड ने 170 रन से नवीन विद्या भारती स्कूल को हराया. कोच अक्षय दुबाने और अजय चंदेल ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया. पहले बल्लेबाजी करने उतरी आईईएस रेड टीम ने 265 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया था. लक्ष्य का पीछा करने उतरी नवीन विद्या भारती टीम 15.3 ओवर में 95 रन पर सिमट गई.

मकान- खेत उजड़ने के विरोध में किया भोपाल कूच

- वन विकास निगम की कार्रवाई से आदिवासियों में आक्रोश
- आदिवासियों ने भोपाल के लिए शुरू किया पैदल मार्च

नवभारत न्यूज

सीहोर 15 अक्टूबर. बुधनी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कोसमी में वन विकास निगम की कार्रवाई के विरोध में आदिवासियों का आक्रोश अब सड़क पर उतर आया है. मकान तोड़े जाने और खेतों को नुकसान पहुंचाने से नाराज सैकड़ों आदिवासियों ने न्याय की मांग को लेकर भोपाल तक पैदल पदयात्रा शुरू कर दी है.

पदयात्रा में शामिल आदिवासी हाथों में बैनर और तख्तियां लेकर अपनी मांगों के समर्थन में नारे लगाते हुए आगे बढ़ रहे हैं. प्रदर्शन में बड़ी संख्या में लोगों की मौजूदगी के चलते मार्ग पर जनसैलाब नजर आया. पदयात्रा के साथ डीजे वाहन भी चल रहा है, पदयात्रा के साथ भारी पुलिस बल भी तैनात है.

आदिवासी परिवारों का आरोप है कि वन विकास निगम की कार्रवाई में उनके मकानों को तोड़ा गया और खेतों को नुकसान पहुंचाया गया. आदिवासियों ने भोपाल पहुंचकर मुख्यमंत्री के सामने अपना पक्ष रखने और कार्रवाई से हुए नुकसान की जानकारी देने का निर्णय लिया है. गुरुवार की सुबह 11 बजे से प्रारंभ हुई पदयात्रा देर शाम इछावर नगर से निकली. बताया जाता है कि पदयात्री समीपस्थ ग्राम कोनाझीर में रात्रि विश्राम कर शुक्रवार की सुबह भोपाल प्रस्थान करेंगे.

देवी दर्शनों को उमड़ी भीड़, सजी झांकियां

शाहगंज. नगर में अनेक स्थानों पर विराजित मां दुर्गा एवं काली की प्रतिमाएं आकर्षण का केंद्र बनी हुई है. नव जाग्रति मंच द्वारा मां काली की प्रतिमा को देखने भक्तों की भारी भीड़ जमा हो रही है. जगदीश मंदिर में शिवा आश्रम समिति द्वारा नौ देवियों की प्रतिमा, इसी प्रकार दुर्गा चौक, विद्युत मंडल कार्यालय, विश्राम गृह मार्ग, दशहरा मैदान, केवट मोहल्ला, हरिजन मोहल्ला, यादव मोहल्ला, वार्ड एक में नयनाभिराम प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं. अनेकों झांकियों में गुफा के अंदर कई प्रकार के नाटकों को दर्शाया गया है. यहां पर प्रतिदिन अखाड़े का भी प्रदर्शन किया जाता है.

गरबा महोत्सव आवासीय विद्यालय प्रांगण में जारी क्रिसेंट गरबा महोत्सव को देखने पहुंचे सांसद आलोक शर्मा

सुर-लय व ताल पर गरबे की प्रस्तुति से झूम उठे हजारों दर्शक

नवभारत न्यूज

सीहोर 15 अक्टूबर. क्रिसेंट गरबा महोत्सव में गुरुवार रात आवासीय खेलकूद मैदान पर हजारों श्रद्धालुओं दर्शकों का सैलाब उमड़ पड़ा. गरबा मंडप के नीचे बालिकाओं ने भक्ति गीतों पर मन मोहक सामूहिक गरबा नृत्य प्रस्तुत प्रस्तुत किया.

बालिकाओं के साथ टेलीविजन और फिल्मों की अभिनेत्री रश्मि देसाई शुक्रवार को गरबा खेलेंगी.अरुणा सुरेश राय प्रतिभा निखार मंच के द्वारा क्रिसेंट गरबा महोत्सव में हिस्सा लेने वाली बालिकाओं को 101 आकर्षक पुरस्कार आज दिए जएंगे. क्रिसेंट गरबा महोत्सव के विशाल मंच पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश राय, रोमनी राय,वरिष्ठ समाजसेवी अखिलेश राय, नमिता राय, विधायक सुदेश राय, अरुणा राय, निलेश राय, सुषमा राय,राजकुमार जायसवाल रिंकू, शीतल राय ने अरुणा सुदेश राय प्रतिभा निखार मंच की ओर से बालिकाओं को मंच पर आमंत्रित कर पुरस्कृत किया. हजारों श्रद्धालुओं की विशेष उपस्थिति में पारिवारिक वातावरण में पारंपरिक रूप से श्रृंगारित आदिशक्ति रूपा हजारों बालिकाओं ने गरबा की सामूहिक प्रस्तुति देकर सबका मन जीत लिया. गरबा पांडाल में जयकारा माता शेरावाली दा बोल सांचे दरबार की जय के जयकारे गूंजते रहे. क्रिसेंट गरबा महोत्सव की संयोजिका समाजसेवीका अरुणा सुदेश राय की विशेष उपस्थिति में माता रानी की पांच हजार भक्त बालिकाओं ने डांडिया खेल कर अष्टभुजा धारी देवी माता दुर्गा की आराधना की. आवासीय खेलकूद मैदान पर ऐसा लग रहा था जैसे आदिशक्ति जगदंबा महारानी स्वयं बालिकाओं के रूप में धरती पर उतरकर नवरात्र मना रही है. कार्यक्रम में अनेक बालिकाएं विभिन्न आकर्षक रूपों में भी दिखाई दी. भोपाल सांसद आलोक शर्मा भी बीती रात गरबा महोत्सव में सपत्नीक शामिल हुए और महोत्सव को संबोधित

किया. विधायक सुदेश राय वरिष्ठ समाजसेवी अखिलेश राय और राय परिवार सदस्यों ने गरबा महोत्सव में शहर सहित ग्रामीण अंचलो से पहुंचे नागरिकों माता बहनों युवाओं बच्चों बुजुर्गों का अभिवादन किया. गरबा कार्यक्रम का शुभारंभ माता रानी की विधिवत पूजा अर्चना कर किया गया. गरबा महोत्सव देर रात तक जारी रहा. विशिष्ट अतिथियों ने पहुंचकर गरबा महोत्सव में शामिल होने वाली बालिकाओं को आशीर्वाद दिया.

नाम एवं जन्म तिथि परिवर्तन

मैं सावित्री धुर्वे पत्नि आर्मी नं. 14587986A पद ACP HAV राम नारायण निवासी 103 सरोज मोरिया विद्यालय के पास, बैरागढ़ कलां, हुजूर, जिला भोपाल म.प्र. 462030.

मुझे सावित्री देवी के स्थान पर सावित्री धुर्वे के नाम से जाना व पहचाना जाए मेरी जन्मतिथि 05/02/1971 के स्थान पर 01/02/1970 पढ़ा जावे. उपरोक्त के संबंध में मेरे द्वारा शपथ पत्र क्रमांक 0101430610202600804 7 दिनांक 15/10/2026 के साथ पेश कर रही हुं